दिनांक-13.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज में आज साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश सरकार का एक साल हुआ पूरा, मुख्यमंत्री ने गिनाई उपलब्धियां।
- ग्वालियर में एशिया के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ करेंगे लोकार्पण।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर डी.गुकेश बने विश्व शतरंज चैंपियन।

प्रधानमंत्री प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज में महाकुंभ मेले से पहले आज साढे पांच हजार करोड रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में दस नये सड़क ओवर ब्रिज और फलाईओवर, स्थायी घाटों और नदी किनारे सड़कों का निर्माण शामिल हैं। ये परियोजनाएं प्रयागराज और इसके आस-पास आवागमन सुविधाजनक बनाने और संपर्क बढाने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। श्री मोदी गंगा में गैर उपचारित अवजल प्रवाह रोकने की परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे। कुंभ मेला अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा।

मप्र सरकार एक साल

प्रदेश में डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने आज एक साल पूरा कर लिया है।
मुख्यमंत्री ने अपने इस एक वर्ष के कार्यकाल को प्रदेश की प्रगति और नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए समर्पित बताया।

मप्र सरकार के एक साल पूर्ण होने पर प्रदेश में 11 दिसंबर से 26 जनवरी 2025 तक जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि उनकी सरकार ने बीते वर्ष में न सिर्फ मौजूदा चुनौतियों का समाधान किया, बल्कि जनकल्याण और विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की नींव भी रखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अगले पाँच साल में मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने को एक बड़ी उपलब्धि बताया।

श्री यादव ने बताया कि युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी तो दी ही जाएगी, इसी के साथ ढाई लाख नौकरियों के अवसर भी सृजित किए गए हैं।

पूजा स्थल-सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि देश में पूजा स्थल अधिनियम के अंतर्गत अब कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने लंबित मामलों में शीर्ष अदालत के अगले आदेश तक कोई अंतिम या प्रभावी आदेश पारित नहीं करने का भी आदेश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता में विशेष पीठ ने केंद्र सरकार से 1991 अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चार सप्ताह के भीतर अपना उत्तर देने को कहा। इन याचिकाओं में पूजा स्थल को पुनः प्राप्त करने या उसमें बदलाव की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

भारत में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के सॉफ्टवेयर संस्करण में आईआईटी खड़गपुर की 5 टीमों ने जीत हासिल की है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने वर्चुअल माध्यम से विजेताओं के नामों की घोषणा की। प्रत्येक विजेता को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि सौंपी गई। पूरे भारत से 17 टीमों को विजेता चुना गया है।

'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024' के ग्रैंड फिनाले सॉफ्टवेयर संस्करण का कल दूसरा दिन था। इस आयोजन में कुल 35 टीमों ने हिस्सा लिया। 36 घंटे तक चली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी टीमों को दी गई समस्याओं का समाधान ढूंढ़ा।

## जियो साइंस म्यूजियम

ग्वालियर में एशिया का पहला जियो साइंस म्यूजियम तैयार किया है। इसे जियो लॉजिकल सर्वे आफ इंडिया ने बनाया है। उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ 15 दिसंबर को म्यूजियम का लोकार्पण करेंगे। इसे करीब 25 करोड़ की लागत से दो गैलरी को पर्यटकों के लिए तैयार किया गया है। यहां पर्यटकों को भूकंप और ज्वालामुखी कैसे फटता है जैसे अनुभव होंगे और डायनासोर का अंडा सहित कई कीमती वस्तुएं देखने को मिलेंगी।

## मुख्यमंत्री-आलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल आलीराजपुर जिले के छकतला में 1 हजार 732 करोड़ रुपये लागत की सोंडवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के भूमि-पूजन किया. इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि सोंडवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना क्षेत्र में सिंचाई के लिये महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त जल मिलेगा। छकतला में हीरा पॉलिशिंग एवं कटिंग का कार्य होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे अन्य क्षेत्रों में रोजगार के लिये होने वाला पलायन भी रूकेगा। उन्होंने कहा कि सोंडवा क्षेत्र के 169 गाँवों के लिये शीघ्र ही नर्मदा जल भी उपलब्ध होगा।

## कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट खंडवा

खंडवा नगर निगम को स्वच्छ ऊर्जा और ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। शहर में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना को स्वीकृति मिली है। महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने कहा कि यह प्लांट स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में खंडवा को एक नई पहचान दिलाएगा।

## रातापानी टाइगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज प्रदेश के 8वें टाइगर रिजर्व रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री और अभिनेता रणदीप हूड्डा रातापानी टाइगर रिजर्व की जागरूकता के लिये विरासत से विकास की अनूठी दौड़ बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रातापानी को इस साल 2 दिसंबर को प्रदेश का 8वाँ टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का रकबा करीब 763 वर्ग किलोमीटर तथा बफर एरिया का रकबा लगभग 507 वर्ग किलोमीटर है।

टाइगर रिजर्व बनने से रातापानी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी तथा भोपाल की पहचान ‘‘टाइगर राजधानी’’ के रूप में होगी।

## विश्व शतरंज चैम्पियन

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी.गुकेश विश्व शतरंज चैम्पियन बन गए है। उन्होंने सिंगापुर में वर्तमान चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को 14वीं बाजी में हराकर खिताब जीता। चैम्पियनशिप में, दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर रही। डी.गुकेश ने 18 वर्ष की आयु में खिताब देश के नाम किया। 2006 में जन्मे डी.गुकेश सबसे युवा शतरंज चैम्पियन हैं। आकाशवाणी से बातचीत में डी.गुकेश ने कहा कि उन्हें इस अवसर का इंतजार था।

## समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। मौसम केंद्र ने अगले 3 दिन भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।
- नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के 5, कांग्रेस से 1 और एक निर्दलीय प्रत्याशी विजयी घोषित किये गये हैं। नगरीय निकायों में 9 दिसम्बर को मतदान हुआ था।
- इंदौर में आज से तीन दिवसीय ’जैविक महोत्सव एवं मिलेट्स उत्सव‘ का आयोजन किया जा रहा है।
- मंडला में कल 4 ग्राम पंचायतों में ’आरोग्यम मण्डला’ जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- इंदौर में कल विश्व एड्स दिवस जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत जनजागरूकता रैली निकाली जायेगी।
- मंदसौर में चल रही 68वीं राष्ट्रीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज झारखण्ड और मध्यप्रदेश के बीच होगा। समापन समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।
- पन्ना में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में गुरूवार को वार्षिक खेल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।